# समाचार

# कर्मकार कल्याण योजना से हजारों कर्मकार हो रहे लाभान्वित–महापौर

## ( महापौर ने किया योजनांतर्गत सिलाई मशीन व साइकिलों का वितरण )

कोरबा 26 सितम्बर 2013 –महापौर श्री जोगेश लाम्बा ने आज कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह द्वारा प्रदेश के असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों के हित में क्रियान्वित की गई असंगठित कर्मकार कल्याण योजना से प्रदेश के हजारों कर्मकार लाभान्वित हो रहे हैं तथा उन्हें प्रत्यक्ष रूप से योजना के तहत विभिन्न सहायता प्राप्त हो रही है, उन्होने कहा कि निश्तिच रूप से मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की गहरी संवेदनशीलता के परिणाम स्वरूप प्रदेश के गरीब, मजदूर, किसान तथा समाज के अंतिम छोर में खड़े व्यक्तियों के उत्थान की दिशा में विगत वर्षो में ऐतिहासिक रूप से कार्य किये गये हैं।

उक्ताशय के विचार महापौर श्री लाम्बा ने वार्ड क्र. 18 महाराणा प्रताप नगर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये। असंगठित कर्मकार कल्याण योजना के तहत महिलाओं को सिलाई मशीन एवं साइकिल प्रदान किये जाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि महापौर श्री जोगेश लाम्बा ने इस मौके पर 25 कर्मकारों को सिलाई मशीन एवं 06 कर्मकारों को साइकिलों को वितरण किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए महापौर श्री लाम्बा ने आगे कहा कि इस योजना के तहत असंगठित क्षेत्र के महिला कर्मकारों को सिलाई मशीन उपलब्ध कराये जाने से उन्हें अतिरिक्त आय जुटाने का एक महत्वपूर्ण साधन प्राप्त हो रहा है तथा उनके जीवन स्तर में सुधार परिलक्षित हो रहा है, उन्होने कहा कि निश्चित रूप से इस महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन एवं धरातलीय स्तर पर उनका वास्ताविक लाभ प्राप्त होने के लिए मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह को कोटि–कोटि धन्यवाद है तथा हम सब उनके प्रति दिल से आभारी हैं। इस मौके पर महापौर श्री लाम्बा ने बताया कि निगम क्षेत्र में निवासरत निःशक्त जनों को निःशुल्क नल कनेक्शन प्रदान किये जाने की योजना पर निगम द्वारा कार्य किया जा रहा है। साथ ही इन निःशक्तजनों से लिये जाने वाला जलकर भी माफ किया जाएगा। उन्होने कहा कि निगम की श्रद्धांजलि योजना के तहत जरूरतमंद परिवार के किसी सदस्य के दुखद निधन पर सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किये जाने हेतु निगम द्वारा 3000 रूपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है, ताकि जरूरतमंद परिवार को दुख की घड़ी में किसी के सामने हाथ न फैलाना पड़े।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सुशील गर्ग, एल्डरमेन मो. अख्तर, पूर्व पार्षद धनकुमारी गर्ग, वरिष्ठ नागरिक के.एल. सोलंकी, आर.पी. सिंह, इंजी. अशोक सिंह, नरेन्द्र सिंह, धरमपाल सिंह, सुरेश पाहुजा, रंजन प्रसाद, हरिशंकर सोनी, जी.एन. झिलकर, मौरिस झिलकर, संजू अरोरा, संजय पाठक, निगम के सहायक अभियंता के.पी. दहायत, समाज कल्याण अधिकारी डॉ.शिरीन लाखे, आदि के साथ योजना के हितग्राही तथा भारी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**( रावेन्द्र सिंह )**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
**नगर पालिक निगम**
कोरबा (छ.ग.)